कोयला मंत्रालय
Ministry of Coal
सत्यमेव जयते

भारत में कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता

प्रस्तावों के लिए अनुरोध (आरएफपी) दिनांक 13.08.2026 पर प्रश्नों/सुझावों के उत्तर

03 सितम्बर, 2026

स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकी अनुभाग

कोयला मंत्रालय, भारत सरकार

कमरा सं.: 4614, जोन 6, चौथी मंजिल, जीपीओए-3, नई दिल्ली 110023

आरएफपी दिनांक 13.08.2026 पर प्रश्नों/सुझावों के उत्तर

निम्नलिखित स्पष्टीकरण/प्रतिक्रियाएं 13 अगस्त, 2026 के आरएफपी पर लागू होती हैं, जिसमें दो (2) श्रेणियों के तहत भारत में कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता मांगी गई है:

क्र.सं.	**से**	**दस्तावेज़ /विषय**	**खंड सं. और मौजूदा प्रावधान**	**अपेक्षित स्पष्टीकरण**	**स्पष्टीकरण या संशोधन के लिए तर्क**	**कोयला मंत्रालय का उत्तर**
1.	**श्याम मेटालिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड (एसएमईएल)**	सामान्य		यदि हम उसी परियोजना के लिए 37,500 करोड़ रुपये की एमओसी स्कीम के लिए आवेदन करते हैं, तो क्या हम इस स्कीम के लिए भी आवेदन कर सकते हैं, जिसमें कुल प्रोत्साहन शेष 8,500 करोड़ रू. है।	दोनों स्कीमों के तहत प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए एक ही परियोजना की पात्रता के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है।	परियोजना विकासकर्ता को दोनों स्कीमों के अंतर्गत उपलब्ध लाभों के संबंध में विचार करना होगा और तदनुसार आवेदन करना होगा।
2.	**श्याम मेटालिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड (एसएमईएल)**	आरएफपी	अनुलग्नक-VIII	इस स्कीम के तहत, यदि हम कोयले से सिनगैस का उत्पादन करते हैं और सिनगैस को ईंधन के रूप में उपयोग करते हैं, तो क्या यह उत्पाद इस स्कीम के	स्पष्टीकरण मांगा गया है क्योंकि सिनगैस का इस्तेमाल किसी दूसरे डाउनस्ट्रीम उत्पाद में करने के बजाय ईंधन के तौर पर करने का	योजना के तहत प्रोत्साहन के लिए पात्र उत्पादों को **आरएफपी के** अनुलग्नक-VIII में निर्दिष्ट किया गया है

				तहत प्रोत्साहन के लिए पात्र होगा?	प्रस्ताव है।	
3	**देव एनर्जी**	श्रेणी III के लिए आरएफपी	खंड: 1 परिचय 1.1.2 (ग) श्रेणी III "स्वदेशी कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण प्रौद्योगिकी को विकसित करना"	सुझाव है कि इस खंड में संशोधन करके इसमें ''विश्व में कहीं भी पहले से सफल कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण प्रौद्योगिकियों पर आधारित ऐसे संयंत्र, जिन्हें भारतीय परिस्थितियों में ढ़ाला जा रहा है, सहित लघु स्तर के उत्पाद-आधारित गैसीकरण संयंत्रों के साथ-साथ स्वदेशी कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण प्रौद्योगिकी को विकसित करना'' शामिल किया जाए।	बोलीदाता ने भारत के बाहर विकसित प्रौद्योगिकियों सहित सफलतापूर्वक प्रमाणित प्रौद्योगिकियों पर आधारित लघु-स्तरीय उत्पाद-आधारित गैसीकरण संयंत्रों को कवर करने के लिए श्रेणी III के दायरे को बढ़ाने का सुझाव दिया है।	आरएफपी का खंड 1.1.2 (ग) के तहत प्रावधान में श्रेणी III का दायरा "स्वदेशी कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण प्रौद्योगिकी विकसित करना" के रूप में निर्दिष्ट करता है। तदनुसार, श्रेणी III की पात्रता/दायरा वही होगा जो आरएफपी में पहले ही निर्दिष्ट किया गया है।

4.	**देव एनर्जी**	आरएफपी	खंड: अनुलग्नक-VIII	इस स्कीम के तहत अर्हता प्राप्त करने वाले पात्र उत्पादों की सूची: मौजूदा: सिनगैस से पहला व्युत्पन्न उत्पाद • सिंथेटिक प्राकृतिक गैस सुझाव: विभिन्न औद्योगिक कार्यों में ईंधन के तौर पर इस्तेमाल होने वाले अंतिम उत्पादनों के रूप में सिनगैस को शामिल करना।	बोलीदाता ने अनुबंध-VIII में वर्तमान में बताए गए उत्पादनों के अलावा सिनगैस को भी एक पात्र अंतिम उत्पाद के तौर पर शामिल करने की मांग की है।	स्कीम के तहत प्रोत्साहन पाने के लिए पात्र उत्पादों को आरएफपी के अनुबंध-VIII में बताया गया है।